वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 14 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

देशव्यापी तालाबंदी की समय-सीमा को 3 मई तक बढाया जाना समय की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, केंद्र सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु देशव्यापी तालाबंदी की समय सीमा को 3 मई 2020 तक बढ़ाए जाने के कदम को वर्तमान समय की मांग मानती है। समाज को महामारी से बचाने हेतु तालाबंदी का बढाया जाना आवश्यक था। प्रदेश और केंद्र सरकार की सक्रियता और समाज की संवेदनशीलता से देश कोविड-19 को जरूर मात देगा।

प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में देशवासियों से बुजुर्गों का ध्यान रखने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने, रोग प्रतिकारक क्षमता बढ़ाने हेतु प्रयास करने, आरोग्य सेतु डाउनलोड एप करने, गरीब परिवार की देखरेख, अपने कर्मचारियों का ख्याल, चिकित्सक, पुलिस तथा सफाई कर्मचारी आदि का सम्मान करने का आग्रह भी किया है। यह सप्तपदी मंत्र कोरोना के विरूद्ध हमारी इस लड़ाई को मजबूत करेंगे।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "भारत के नागरिक बहुत ही जागरूकता के साथ इस महामारी को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, सरकार ने जिन महत्वपूर्ण कदमों को उठाया है उनके प्रति हम संतोष व्यक्त करते हैं। तालाबंदी बढ़ाए जाने का कदम महत्वपूर्ण है, इससे हम इस महामारी के संपूर्ण उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। पिछले दिनों जिस प्रकार से कोविड-19 के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, उसे देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाना और महत्वपूर्ण हो गया है कि लोग फिजिकल डिस्टेंसिंग का लगातार पालन करें वहीं बहुत से जिले ऐसे है जहाँ कोरोना का एक भी केस नहीं आया है यह प्रशंसनीय हैं। निश्चित ही सभी के सम्मिलित प्रयासों से हम विजयी होंगे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)